कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-29.09.2024

विषयः- दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के मुकदमे में वांछित अभियुक्त मोहम्मद उर्फ समीर थाना लोहता पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ़्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त रोहनिया के नेतृत्व मे थाना लोहता पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-0194/2024 धारा 64/74/352/351(2) बी0एन0एस0 व ¾ पॉक्सो एक्ट थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी से संबंधित नामजद वांछित अभियुक्त मोहम्मद उर्फ समीर पुत्र फारुख निवासी मुस्लिमपुरा कोटवा थाना लोहता जनपद वाराणसी को आज दिनांक-29.09.2024 को समय करीब 12.45 बजे लोहता स्टेशन के पास थाना लोहता वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। उक्त सम्बन्ध में थाना लोहता पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक-27.09.2024 को वादिनी मुकदमा/पीड़िता ने प्रतिवादी मोहम्मद समीर द्वारा निकाह/शादी का झांसा देकर वादिनी मुकदमा/पीड़िता के साथ जबदरस्ती शारीरिक सम्बन्ध बनाने और बाद मे निकाह करने से माना कर देने, चोरी से उसकी मोबाईल से विडियो फिल्म बनाने, प्रार्थिनी को रास्ते में आते-जाते समय भद्दी-भद्दी गालियां देने व उसका सरेराह दुप्पटा खींचने तथा वादिनी मुकदमा/पीड़िता का विडियो वायरल करने व जान से मारने की धमकी देने के संबंध मे लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना लोहता में मु0अ0सं0-0194/2024 धारा 64/74/352/351(2) बी0एन0एस0 व ¾ पॉक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना प्र0नि0 प्रवीन कुमार द्वारा संपादित की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

मोहम्मद उर्फ समीर पुत्र फारुख निवासी मुस्लिमपुरा कोटवा थाना लोहता जनपद वाराणसी, उम्र करीब 22 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समयः-

लोहता स्टेशन के पास थाना लोहता वाराणसी, दिनांक 29.09.2024 समय 12.45 बजे।

आपराधिक इतिहास-

1-मु0अ0सं0 0194/2024 धारा 64/74/352/351(2) बी0एन0एस0 व ¾ पॉक्सो एक्ट थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1.प्र0नि0 प्रवीन कुमार थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।

2.उ0नि0 अनुज शुक्ला थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।

3.उ0नि0 अमित यादव थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।

4.हे0का0 प्रवीण कुमार सिंह थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।

5.हे0का0 राजेश गौतम थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल

पुलिस उपायुक्त

वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।